>

Title: Need to enhance the honorarium being paid to Kisan Mitras in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे सदन में एक अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। पूरे देश में, खासकर उत्तर प्रदेश में किसान मित्र की नियुक्ति की जाती है। इनकी नियुक्ति गांव स्तर पर और पंचायत स्तर पर होती है। उनका मानदेय प्रति माह 1,000 रुपए है। आज की महंगाई को देखते हुए यह मानदेय वेतन बहुत कम है। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उनका मानदेय कम से कम 3,000 रुपए प्रति माह किया जाए। केन्द्र सरकार इसके लिए अलग से राशि का प्रावधान कर राज्य सरकारों को दे, ताकि ये किसान मित्र मन लगाकर काम कर सकें। इस सदन में सत्ता और विपक्ष सभी सदस्य किसानों पर चर्चा करते हैं। किसानों के हितों को ध्यान रखते हुए ही इनकी नियुक्ति की गई है और ये लोग किसान को तकनीकी जानकारी देने के लिए ब्लाक स्तर पर, ग्राम सभा स्तर पर जाते हैं और न्याय पंचायत सभा स्तर पर भी इनसे काम लिया जाता है। इसलिए इन्हें मेहनताना के रूप में दिए जाने वाले मानदेय राशि का अलग से बजट में प्रावधान करके 1,000 रुपए की जगह 3,000 रुपए प्रति माह दिए जाएं।